Helpline 1064 | 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **भरतपुर में उप अधीक्षक पुलिस वृत–भुसावर का रीडर (हैडकानिस्टेबल) व उसका दलाल (प्राईवेट व्यक्ति) 1 लाख 20 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *07 सितम्बर, शनिवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की धौलपुर इकाई द्वारा आज भरतपुर में कार्यवाही करते हुये **हरिराम मीणा हैड कानिस्टेबल (रीडर) कार्यालय उप अधीक्षक पुलिस वृत–भुसावर, जिला भरतपुर एवं उनके दलाल राकेश कुमार गर्ग (प्राईवेट व्यक्ति)** को परिवादी से **1 लाख 20 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की धौलपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके विरूद्ध दर्ज मुकदमें में मदद करने एवं एफआर लगाने की एवज में आरोपी हरिराम मीणा हैड कानिस्टेबल (रीडर) कार्यालय उप अधीक्षक पुलिस वृत–भुसावर, जिला भरतपुर द्वारा उनके दलाल राकेश कुमार गर्ग (प्राईवेट व्यक्ति) के माध्यम से **1 लाख 50 हजार रुपये** रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कालूराम रावत** के सुपरवीजन में एसीबी की धौलपुर इकाई के **उप अधीक्षक पुलिस श्री सुरेन्द्र सिंह** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के भुसावर, जिला भरतपुर में ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी हरिराम मीणा हैड कानिस्टेबल (रीडर) कार्यालय उप अधीक्षक पुलिस वृत–भुसावर, जिला भरतपुर एवं उनके दलाल राकेश कुमार गर्ग (प्राईवेट व्यक्ति) को परिवादी से **1 लाख 20 हजार रुपये (24 हजार रुपये प्रचलित भारतीय मुद्रा एवं 96 हजार डमी करेंसी)** रिश्वत के रूप में लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**